## एक नजर

### बच्चों को नहीं दे सकेंगे दंड जिलास्तर पर गठित होगा शिक्षक शिकायत प्रकोष्ठ

**बदायूं,अमृत विचार :** शिक्षक किसी भी बच्चे को शारीरिक दंड नहीं दे पाएंगे। अगर किसी बच्चे को शारीरिक दंड देने की शिकायत होती है तो सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत का निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर प्रकोष्ठ गठित किया जाएगा। जिसमें बच्चा अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को ऐसे आदेश भेजे हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शारीरिक दंड देने पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी शिक्षकों पर विद्यार्थियों की पिटाई करने के आरोप लगते हैं। बच्चों को अन्य तरीके से भी जैसे बेंच पर हाथ ऊपर कर खड़ा करने के साथ ही ग्राउंड में चक्कर लगाने के लिए बाध्य करते हैं। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अब किसी तरह का दंड शिक्षक बच्चों को नहीं दे पाएंगे। बच्चों को मारना-पीटना, घुटनों के बाल दौड़ना जैसा दंड भी नहीं जाएगा। इसकी शिकायत मिली तो शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई होगी। ऐसी शिकायतों का निस्तारण करने के लिए जिले स्तर पर प्रकोष्ठ का गठन होगा।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बिनावर, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव नारखेड़ा के पास डिवाइडर पार कर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पहचान की कोशिश की लेकिन युवक की जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया

# खूब बिकीं रेशम की डोर, मिठाई और उपहार से सजी दुकानें

## भाई-बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन आज, बाजार में दिन भर बहनों ने भाइयों के लिए खरीदे उपहार, मनपसंद मिठाइयां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाई-बहन के पवित्र त्योहार की तैयारियों को लेकर बहनों में खूब उत्साह रहा। बाजार में सजी दुकानों पर बहनों ने भाई के पसंद की राखियों और मिठाई की खरीदारी की। वहीं भाईयों ने बहनों को देने के लिए उपहार खरीदे।

सोमवार को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। भाइयों की कलाई पर बहन राखी बांधेगी। कई दिनों से बाजार में राखी के त्योहार को लेकर राखी, घेबर, फैनी आदि की दुकानें सज गईं थीं। पिछले दिनों तक बाजारों में रौनक थी, लेकिन त्योहार से एक दिन पहले सुबह से ही बाजारों में भीड़ लगनी शुरू हो गई। सड़कों से लेकर बाजारों में भीड़ अधिक रही। बहनें अपने भाइयों के लिए राखियों से सजी दुकानों पर खरीदारी करने में जुट गईं। वहीं मिष्ठान की दुकानों पर भी भीड़ बनी रही। बहनें भाइयों के घर जाने की तैयारियों में मशगूल थीं। बाजारों में राखी, मिष्ठान, कपड़ा, कास्मेटिक के कारोबारियों को भी पूरे दिन फुर्सत नहीं मिली। उधर काफी संख्या में बहनें अपनी तैयारियां पूरी करने के बाद दोपहर से ही भाइयों के घर के लिए रवाना होने लगीं। रोडवेज बस स्टैंड पर भी भीड़ शाम तक बनी रही। बहनें कहीं वाहनों का इंतजार करते हुए दिखीं तो कहीं शाम तक खरीददारी का सिलसिला जारी था।

**जिला कारागार में भी तैयारी की गई :** रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में बहनें जिला कारागार में बंद अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंचेंगी। बहनों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए कारागार प्रशासन ने भी तैयारी की है। बहनों को सुबह आठ बजे से प्रवेश दिया जाएगा। वह जो भी मिष्ठान या खाद्य वस्तुएं अंदर ले जाएंगी उसकी जांच के लिए टीम बना दी गई हैं।

**बसों में मुफ्त यात्रा से खुश हुई बहनें :** रोडवेज परिवहन निगम की ओर से रक्षाबंधन त्योहार पर बहनों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। जो रात 12 बजे से लागू हो गई है। मुफ्त यात्रा की सुविधा दिए जाने के बाद बिना पैसा दिए यात्रा कर महिलाएं खुश दिखीं। मंगलवार रात 12 बजे तक बहनों को मुफ्त यात्रा का लाभ मिल सकेगा।



मिठाई की खरीदारी को दुकान पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



राखियों की खरीदारी करतीं बहनें। ● अमृत विचार

### कादरचौक में भी सजाई गईं दुकानें

**कादरचौक :** भाई-बहन के अटूट रिश्ते रक्षा बंधन पर राखी की दुकानें सजाई गयी हैं। राखियों से सजी दुकानों पर खरीदारी बढ़ गई है। महिलाएं व युवतियां राखी खरीदारी के लिए आ रही हैं। जिससे बाजारों में सुबह से शाम तक भीड़ जुटी रही। नगर के बाजार में स्टाल लगाकर राखियां बेची जा रही हैं। रेशम, डोरी, रुद्राक्ष, जय श्रीराम, स्टोन राखी तथा बच्चों की राखियों की मांग है। पांच रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक की राखी बिक रही हैं।



### उसहैत में श्री कालसेन बाबा मंदिर का बाजार सजा

**उसहैत :** रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले नगर के श्री कालसेन बाबा मंदिर के पास व मेन बाजार में भाइयों को बहनों द्वारा राखियों व मिठाई की खरीदारी की गयी। राखी कीं दुकानों पर खासी भीड़ रही फलों की बिक्री भी खासी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने खुराफाती तत्वों व आपराधिक प्रवृत्ति से निपटने के लिये चप्पे-चप्पे पर फोर्स लगाया। सुरक्षा को लेकर प्रभारी निरीक्षक की गाड़ी भी दौड़ती रही।



### ब्रह्माकुमारी ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**बिल्सी, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नगर के मोहल्ला संख्या एक टीचर्स कॉलोनी स्थित केंद्र की ओर से थाना परिसर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। केंद्र प्रभारी बीके ऊषा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार सिंह, कोतवाल विजेंद्र कुमार सिंह समेत स्टाफ को राखी बांधी। इस मौके पर बीके कुसुम, पूजा वार्ष्णेय, उमेश चंद्र यादव, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह, इंद्रेश कुमार, अखिलेश कुमार, भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इधर नगर के गौशाला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भी भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियों का निर्माण किया और एक-दूसरे को राखी बांधकर अपने प्रेम और स्नेह का इजहार किया। इस मौके पर व्यवस्थापक डॉ. उमेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष लोकेश वार्ष्णेय, प्राचार्य सुबोध शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रुदायन में ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय में मना रक्षा पर्व

**इस्लामनगर :** नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घ जीवन की कामना की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने भगवान शिव की ध्वजा पताका फहराते हुए प्रभु की याद दिलाते हुए सभी को अपना जीवन श्रेष्ठ और भारत को महान बनाने की प्रेरणा दी। बी.के. प्रियंका दीदी ने सभी को अपने मनोविकारों से मुक्त होने व रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि पिता परमात्मा की छत्रछाया में रह कर सदा सुरक्षित रहना ही हमारी रक्षा है। भगवान दास इंटर कॉलेज की प्रबंधक प्रमिला उपाध्याय, आनंद शर्मा सेवाकेंद्र संचालिका बीके प्रियंका दीदी, बीके अंशु, बीके राधा, सोनम दीदी आदि मौजूद रहीं।



### मिट्टी डलवाने के विवाद में धक्का-मुक्की से बुजुर्ग की मौत

● **परिजन लगा रहे हत्या का आरोप, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

**बदायूं, अमृत विचार:** मंदिर के रास्ते पर डाली जा रही मिट्टी के विवाद में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जानबूझ कर बुजुर्ग को जोर का धक्का मारने से जान चली गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव बडनौमी निवासी बुजुर्ग मथुरा प्रसाद (80) के द्वारा अपने घर के सामने मंदिर का निर्माण कराया था। परिजनों के मुताबिक मंदिर तक पहुंचने का रास्ता ठीक नहीं है। बरसात के दिनों में रास्ता खराब हो जाता है। उस रास्ते को सही कराने के लिए मथुरा प्रसाद मिट्टी डालने की तैयारी कर रहे थे। उनके द्वारा रविवार को ट्राली मंगाकर रास्ते पर मिट्टी भी डलवाई गई थी। उसी दौरान परिवार के लोग विरोध करने लगे। बात काफी बढ़ गई और धक्का मुक्की होने लगी। उन्हीं से किसी ने मृतक को जोर का धक्का मार दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गए और अचेत हो गए। परिवार के लोग उन्हें फोरन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।















शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मेडिकल स्टोर से नशे के इंजेक्शन और दवाएं बरामद

## अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ गुप्त सूचना मिलने पर मारा छापा, संचालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पुलिस प्रशासन ने शहर के एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं और इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस ने मेडिकल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मेडिकल स्टोर को भी सील कर दिया है। मेडिकल संचालक लंबे समय से कन्या स्कूल के समीप प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन और दवाइयों की बिक्री करता आ रहा था।

सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने बताया कि संतोख सिंह तिराहे के पास एक स्कूल के बराबर में संचालित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित इंजेक्शन और दवाएं बेचे जाने की सूचना मिली थी। यह सूचना सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने साझा की। इसके बाद एक पुलिसकर्मी को सादा कपड़ों में भेजकर प्रतिबंधित इंजेक्शन की खरीदारी कराई गई। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस के साथ बीती रात मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया।

तलाशी लेने पर भारी मात्रा में नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन और दवाएं बरामद की गईं। अधिक मात्रा में इंजेक्शन और दवाएं होने पर ड्रग इंस्पेक्टर को भी मौके पर बुला लिया गया। सभी दवाओं को बरामद करने के बाद मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मेडिकल संचालक विनोद कुमार को मौके से ही गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



मेडिकल स्टोर को सील कराते सीओ सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट।



प्रतिबंधित दवाओं की जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर और अधिकारी।

- **प्रतिबंधित इंजेक्शन और दवाएं खुलेआम बेचे जा रहे थे रिपोर्ट दर्ज**
- **अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर सील किया, कार्रवाई से मचा हड़कंप**

### युवाओं को बेचे जा रहे थे नशे के इंजेक्शन

मेडिकल संचालक नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन युवाओं को बेचता था। शाम होते ही मेडिकल स्टोर के आस पास इंजेक्शन से नशा करने वाले युवा मंडराने लगते थे। जिस स्थान पर मेडिकल स्टोर संचालित है। उसके बराबर में छोटे बच्चों का स्कूल भी है। साथ ही सौ कदम की दूरी पर गर्ल्स स्कूल चल रहा है। इसके बाद भी नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन और दवाओं की बिक्री हो रही थी।

### नाले में पड़े मिले इस्तेमाल किए इंजेक्शन

पुलिस प्रशासन को मेडिकल स्टोर पर छापा मारने के दौरान पुलिसकर्मियों को नाले में से भी इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन और दवाओं के रैपर बरामद हुए। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेडिकल संचालक लंबे समय से प्रतिबंधित इंजेक्शन की ब्रिकी करता आ रहा था। जिसकी भनक औषधि निरीक्षक को तक नहीं लग सकी।

### मिलीभगत से खुलेआम बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं

एक मेडिकल स्टोर से हजारों रुपये के प्रतिबंधित इंजेक्शन और दवाएं बरामद हुए हैं। ऐसे में अन्य मेडिकल स्टोर पर भी इनकी ब्रिकी होने की संभावना बन गई है। जिसकी भनक औषधि संरक्षण विभाग के अधिकारियों तक को नहीं लगी। ऐसे में औषधि संरक्षण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए हैं। लोगों में चर्चा है कि शहर के अंदर मेडिकल स्टोर पर नशे का कारोबार औषधि विभाग की मिली भगत से चल रहा है।

# खिरिया रहलू गोशाला में दुर्दशा, दो गोवंश की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **चारा खत्म, अव्यवस्थाओं की जिलाधिकारी से शिकायत**
- **बीमार गोवंश को नहीं मिल रहा उपचार, देखरेख का अभाव**

**अमृत विचार :** जिले की खिरिया रहलू गोशाला में देखरेख के अभाव में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। तमाम गोवंश बीमार हैं, जिससे दो गोवंश की मौत हो गई है। चारा, पानी के लिए तड़प रहे गोवंशों की हालत दिनों दिन बिगड़ रही है। बीमार गोवंश का पशु चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया है।

ब्लॉक जगत के ग्राम खिरिया रहलु की गौशाला में गोवंश की दुर्दशा का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि गोशाला में गोवंशों की मौत हो चुकी है। मृत गोवंश गोशाला में पड़े हैं। गोशाला में बारिश का पानी भरा होने से कीचड़ हो गया है जिसमें गोवंश बैठे हैं। दलदल में गोवंश बीमार होने लगे हैं। गोशाला केयरटेकर की लापरवाही की शिकायत की गयी है। वीडियो में गोशाला में फैली गंदगी तथा बीमार गाय दिखाई जा रही हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीएम को बताया है कि गोशाला में चारे के नाम पर केवल सूखा भूसा दिया जा रहा है। केयरटेकर और पशु चिकित्सा अधिकारी अपनी ड्यूटी के नाम पर केवल औपचारिकता कर रहे हैं। पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने डीएम को ईमेल के माध्यम से गोवंश की दुर्दशा से अवगत कराया है। मांग है कि गोशाला में केयरटेकर की ड्यूटी 24 घंटे लगना चाहिए, पशु चिकित्सक प्रतिदिन आने चाहिए। बीमार गायों को अलग रखा जाना चाहिए। हरे चारे के साथ सीसीटीवी की व्यवस्था भी गोशाला में होनी चाहिए। बीमार गोवंश को दिए जाने वाले उपचार और दवाओं की जानकारी के लिए एक अलग रजिस्टर होना चाहिए।

> खिरिया रहलु की गौशाला में 47 गोवंश थे जिसमें से दो की मौत हो चुकी है। अब 45 गोवंश हैं। बारिश का पानी भरा होने से परेशानी हो रही है। चारे की व्यवस्था कराई गई है। बीमार गोवंश का उपचार किया जा रहा है। केयर टेकर और ग्राम प्रधान को चारे की व्यवस्था करने को हिदायत दी गयी है। –**डा. विक्रम सिंह**, पशु चिकित्सा अधिकारी जगत

## एक नजर

### झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी में मिली राहत

**बदायूं,अमृत विचार :** रविवार को दिन में हल्के बादल छाए रहे। जिससे लोग पसीना पसीना होते रहे। लेकिन देर शाम हुई बारिश ने उमस से लोगों को पूरी तरह निजात दिलाई। बारिश होने को लेकर प्रशासन द्वारा पहले ही अलर्ट जारी किया गया था। वहीं बारिश के बाद बाजार में जलभराव हो गया। जिसकी वजह से बाजार में सन्नाटा पसर गया। दुकानदार दुकानें बंद कर घर चले गए। कई स्थानों पर हुए जलभराव की वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार की सुबह हल्की धूप हुई, लेकिन अचानक छाए बादलों ने धूप का अहसास नहीं होने दिया। जिसके चलते उमस देखने को मिली। शाम करीब सात बजे अचानक तेज हवाओं के साथ तेज झमाझम बारिश हुई। दिन के समय छाए बादलों के कारण अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

### म्याऊं पुलिस ने कांवड़ियों को खिलाई खीर पूड़ी

**म्याऊं,अमृत विचार :** चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने रविवार को भंडारा किया। एमएफ हाईवे से गुज रहे कांवड़ियों को भंडारे की खीर पूड़ी खिलाई गई। भंडारे में दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने अपने हाथों से कांवड़ियों को भोजन कराया। विधायक ने कहा कि कछला गंगा घाट से तपोभूमि देवकली पटना धाम पर जाने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए खीर व पूड़ी और छोले का विशाल भंडारा रखा गया। इस अवसर पर, ओमेंद्र प्रताप सिंह, अमर सिंह, पंकज पाठक, थाना अध्यक्ष आलापुर धनंजय सिंह, थाना अध्यक्ष उसावां मान बहादुर सिंह, थाना अध्यक्ष उसहैत थाना, अध्यक्ष हजरत पुर ,कोतवाल दातागंज अरिहंत सिंह व म्याऊं चौकी इंचार्ज राकेश चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# पत्नी के मायके से वापस नहीं आने पर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पति को बिना बताए रिश्ते के भाई के साथ चली गई थी मायके**

**अमृत विचार :** मायके में रह रही पत्नी के लौटकर न आने पर एक युवक अवसाद में आ गया। युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। अगले दिन ग्रामीणों ने शव देखा तो परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव अधरमई निवासी जगमोहन दिल्ली में रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। उनकी शादी लगभग तीन साल पहले शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव टीलापुर निवासी पलक पुत्री कल्लू के साथ हुई थी। 12 अगस्त को पलक रिश्ते के भाई के साथ मायके चली गई थी। जगमोहन ने पत्नी से वापस आने को बोला लेकिन उसने आने से इनकार कर दिया। जिसके चलते जगमोहन परेशान था। वह दिल्ली से गांव लौट आया था। शनिवार को खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। रात में किसी समय घर से निकल गया। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उनके परिजनों को सूचना दी कि जगमोहन का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका है। परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया युवक ने आत्महत्या की थी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की है।

# ट्रैक्टर ने पीछे से पुलिस की गाड़ी में मारी टक्कर

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** डायल 112 पुलिस की गाड़ी को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। आंवला बदायूं मार्ग स्थित गांव दुगरइया के पास डायल 112 पुलिस गाड़ी संख्या खड़ी थी तभी शहर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर पीछे से टक्कर मार दी जिससे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। ट्रैक्टर ट्राला लेकर बरेली जा रहा था। पुलिस काफी देर तक ट्रैक्टर चालक से समझौते की बात करती रही। उसके बाद कार्यवाही की बात करते हुए पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को छोड़ दिया ।



पुलिस की क्षतिग्रस्त गाड़ी।

# डीसीएम ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला की मौत



हादसा होने के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो। ● अमृत विचार



घायलों को अस्पताल लेकर जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, दातागंज

- **रक्षाबंधन पर्व पर भाई के घर जा रही थी महिला, मौके से भागे वाहनों के चालक**
- **घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया है भर्ती हालत बनी हुई है गंभीर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बेलाडांडी स्थित पुल के पास डीसीएम ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। महिला शाहजहांपुर की रहने वाली थी। वह रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाई के घर जा रही थी। इस हादसे में चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए।

शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी मुनेश दिल्ली में नौकरी करते हैं। रक्षाबंधन पर उनकी पत्नी माधुरी (29) अपने भाई के बेटे मोनू निवासी थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव शेरपुर के साथ दिल्ली से लौटी थी। बस से उतर कर मोनू के साथ वह ऑटो में बैठकर गांव शेरपुर के लिए रवाना हो गई। ऑटो बेला डांडी पुल पर पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार लोग घायल हो गए। हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए। इधर मौके पर जुटी भीड़ ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी है।


## सार-संक्षेप

### सपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा एक लाख का चेक



**इस्लामनगर, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने लभारी गांव पहुंच कर हाथरस कांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट करते हुए एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। पिछले महीने हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ में गांव लभारी निवासी धर्मवती (45) पत्नी जगपाल सिंह की मौत हो गई थी। बदायूं और संभल से सपा का एक 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार दोपहर लभारी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में सांसद आदित्य यादव ने मृतका धर्मवती के पति जगपाल सिंह से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। पार्टी की ओर से एक लाख रुपये का चेक सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि समाजवादी पार्टी आपके साथ खड़ी है। सांसद आदित्य यादव, जिलाध्यक्ष आशीष यादव, सहसवान विधायक ब्रजेश यादव, शेखुपुर विधायक हिमांशु यादव, संभल के जिलाध्यक्ष असगर अली, जिला पंचायत अध्यक्ष अखिलेश यादव, डीके यादव, पूर्व प्रधान सुरेंद्र जाटव, वीरेश यादव आदि मौजूद रहे।

### पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील



**कुंवर गांव, अमृत विचार :** आगामी त्योहार जन्माष्टमी, चेहल्लुम, रक्षाबंधन पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी। थाना परिसर में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रधान व अन्य लोगों के साथ हुई बैठक में थाना प्रभारी ने कहा रक्षाबंधन जन्माष्टमी और चेहल्लुम नजदीक हैं। सभी अपने-अपने त्योहारों को शांतिपूर्वक और अमन चैन के साथ मनाएं, किसी प्रकार की कोई भी समस्या होने पर पुलिस को सूचना दें। खुराफातियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष पति अरविंद रावत, क्षेत्र के प्रधान आरिफ, रमेश, शहंशाह, सिगोई प्रधान, प्रेम शंकर लकी गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता, आर्येंद्र पोरवाल, विष्णु सक्सेना, हरिओम गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे ।

### चेयरमैन ने किया अकेडमी का उद्घाटन



**बदायूं, अमृत विचार :** रस्तोगी धर्मशाला में हुए कार्यक्रम में रविवार को स्टार शाइन क्रिएटिव एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन फातमा रजा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अकादमी के बच्चे सानवी और स्वरा ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य किया। पालिकाध्यक्ष ने बच्चों को पांच पांच सौ रुपए का इनाम दिया। नगर पालिका कन्या इंटर कालेज में स्टार शाइन क्रिएटिव अकादमी ने एक माह का समर कैंप लगाया था। जिसमें बच्चों को समर कैंप के प्रमाण दिए गए। सिलाई ब्यूटीशन, डांस, ढोलक, मेंहदी, मॉडलिंग, एक्टिंग, आदि के प्रमाण पत्र दिए गए। फातिमा रज़ा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। नीरज रस्तोगी ने बच्चों की सराहना की।

# अस्पताल में फैला रहता है कूड़ा-करकट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिला महिला अस्पताल में रविवार को नहीं होती सफाई**
- **बिखरा पड़ा रहता है कूड़ा, पूरी इमारत में गंदगी ही गंदगी**

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में रविवार को सफाई नहीं होती है, जिससे पूरे अस्पताल में गंदगी बिखरी रहती है। गंदगी से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी होती है। प्रथम तल से लेकर चौथे तल तक यही स्थिति बनी रहती है।

जिला महिला अस्पताल में कई तरह की अव्यवस्थाएं हावी रहती हैं। रविवार को कभी भी अस्पताल में सफाई नहीं की जाती। ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक जगह जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इतना ही नहीं महिला मरीजों के तीमारदार यहां पर बैठकर खाना खाते हैं खाद्य पदार्थ इधर उधर फेंकते हैं जिससे गंदगी में चार चांद लगते हैं। जीने पर बंदरों द्वारा की गई गंदगी भी साफ नहीं होती। कोई सफाई कर्मचारी यहां सफाई करने को नहीं आता है। दूसरी मंजिल पर बंदरों का आतंक रहता है। यहां पर हॉल में बैठने वाले तीमारदारों का सामान बंदर उठा ले जाते हैं, उनके पीछे दौड़ना पड़ता है। गंदे कपड़े और खाने का सामान, पानी की खाली बोतलें इधर उधर पड़ी रहती हैं। पिछले दिनों एनआरएचएम के डीपीएम डा. कमलेश कुमार ने जिला महिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। गंदगी को लेकर उन्होंने एक डॉक्टर को फटकार लगाई जबकि एक स्टाफ नर्स की सेवाएं समाप्त करने की चेतावनी भी दी। लेकिन कोई सुधार नहीं हुई।

> रविवार को जिला महिला अस्पताल में कर्मचारी सफाई नहीं करते हैं। वह लोग भी छुट्टी पर रहते हैं जिससे गंदगी रहती है। सफाई कर्मचारी ठेके पर काम करते हैं उन पर दबाव बनाने से वह लोग हंगामा करते हैं कई बार काम बंद कर हड़ताल पर चले गए, इसलिए उन पर दबाव नहीं बनाया जा सकता है। –**डॉ. इंदुकांत वर्मा**, सीएमएस



जिला महिला अस्पताल में फैली गंदगी।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और जान से मरने की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति सफाई कर्मचारी है।कोई भी संतान न होने के कारण परिवार के सभी लोग तमाम तरह से परेशान करते रहते हैं। उनके पति नौकरी की वजह से ज्यादातर घर के बाहर रहते हैं। आरोप लगाया कि जेठ और उनका बेटा आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। महिला का आरोप है कि जेठ ने उनसे उधार लिए करीब डेढ़ लाख रुपए भी वापस नहीं किए। 15 जून की रात लगभग 2 बजे महिला अपने कमरे में थी। पति घर पर नहीं थे। जेठ का बेटा रूपेश तमंचा लेकर महिला के कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# पुण्यतिथि पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन



नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते कांग्रेसी । ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :**नेता जी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जितेंद्र कश्यप मुख्य वक्ता रहे। राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद के संयुक्त नेतृत्व में ग्राम रहीमुद्दीन नगर में असरार अहमद के दादा हजरत जमालुद्दीन की जियारत पर पौधारोपण किया गया। ओमकार सिंह ने बताया कि नेता जी स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेता थे। असरार अहमद ने कहा कि ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' का मंत्र दिया। उन्होंने नेता जी को नव शक्ति व नव ऊर्जा से भर देने वाला महानायक बताया। संचालन शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद ने किया। इस अवसर पर जिला महासचिव इगलास हुसैन, एससी एसटी अध्यक्ष मुनेन्द्र कन्नौजिया, जिला संगठन मंत्री बब्बू चौधरी, सेवादल यंग ब्रिगेड सचिव वीरेश यादव, सुधीर, असलम, श्याम सिंह, राजेश आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# कर्मों के आधार पर ही मनुष्य को मिलता है फल



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। यहां सभी ने सामवेद के पवित्र मंत्रों से आहुतियां दी। यज्ञ के उपरांत अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि स्वर्ग और नरक मनुष्य को जन्म के बाद इसी मनुष्य देह के रहते ही मिलते हैं। सुख विशेष का नाम स्वर्ग है। दुख विशेष का नाम नर्क है। इस मौके पर मास्टर साहब सिंह, यीशु आर्य, मोना रानी, भावना आर्य, कौशिकी आर्य, सरोजा देवी, भानु प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंडा उत्पादन को जिले में दो कमर्शियल लेयर फार्म खुलेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **लाभार्थियों को सात प्रतिशत ब्याज की दर से पांच वर्ष के लिए बैंक करेगा वित्तपोषण**

**अमृत विचार:** जिले में अंडों का उत्पादन करने के लिए कुक्कुट विकास नीति के तहत दो कमर्शियल लेयर फार्म खोले जाएंगे। कामर्शियल लेयर फार्म खोलने के लिए लाभार्थी को सात प्रतिशत ब्याज की दर से बैंक से वित्त पोषण किया जाएगा। लक्ष्य मिलने के बाद विभाग ने योजना को धरातल पर उतारने के लिए कवायद शुरू कर दी है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि पशुपालन को लघु उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए कुक्कुट विकास नीति के तहत पशुपालन से जुड़े उद्योग लगाने वाले लाभार्थियों को सरकार अनुदान और छूट देकर प्रोत्साहित कर रही है। शासन से दो प्रकार की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। कामर्शियल लेयर फार्म और दूसरा ब्रायलर पैरेंट फार्म। बताया कि कामर्शियल लेयर फार्म में तीन स्तर की इकाइयां लगाने की व्यवस्था है। 10 हजार पक्षी वाली लेयर इकाई की लागत एक करोड़, 30 हजार पक्षी वाली इकाई की लागत 3 करोड़ और 60 हजार पक्षी वाले लेयर फार्म पांच करोड़ की लागत से स्थापित होंगे। लाभार्थियों को सात प्रतिशत ब्याज की दर से पांच वर्ष के लिए बैंक से वित्तपोषण मिलेगा। पांच वर्ष तक ऋण पर सात प्रतिशत ब्याज बैंक स्तर से दिया जाएगा, जबकि ब्याज की राशि सात प्रतिशत से अधिक होने पर ब्याज की अतिरिक्त राशि लाभार्थी को देनी होगी। परियोजना वित्तपोषण का 30 फीसदी मार्जिन मनी और 70 फीसदी वित्त पोषण बैंक से होगा। बताया कि शासन स्तर से दो कामर्शियल लेयर फार्म स्थापित कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछले साल लक्ष्य पूर्ति न होने पर इस बार इसे आगे बढ़ाया गया है।

### बुलंदी तक पहुंचाती हैं, रचनात्मक गतिविधियां

**बदायूं :** स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने राखी बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया।पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों की रुचियां और रचनात्मक गतिविधियां उनको बुलंदी तक पहुंचाती हैं। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने कहा कि परिश्रम से जीवन महकता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूर्वी सक्सेना के नेतृत्व में राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई। जिसमें अर्पिता कश्यप, शीतल और वैष्णवी पटेल सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहीं। इस मौके पर निखिल चौहान, खुशी ठाकुर, संजना पाल, रंजीत कुमार, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

## शहर में आज

- सावन के पांचवें सोमवार को जिले भर के शिवालयों में महादेव का अभिषेक सुबह छह बजे से।
- रक्षाबंधन पर्व पर शहर के प्रभु पार्क में कुश्ती दंगल एवं मेला दोपहर 12 बजे से।
- शहर के नदरई गेट स्थित शिवालय मंदिर में रुद्राभिषेक शाम चार बजे से।
- तीर्थ नगरी सोरों में उपेंद्र पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल बटेश्वर पर शाम तीन बजे से।

### घर में सो रहे बालक को सर्प ने डसा, मौत

**सिढ़पुरा, अमृत विचार** : थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव कलानी में अपने घर पर सो रहे सात वर्षीय बालक को जहरीले सर्प ने डस लिया। बालक की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव कलानी निवासी वीरेश का सात वर्षीय पुत्र अंशुमान कक्षा दो का छात्र है। रविवार की सुबह वह अपने घर पर सो रहा था कि तभी उसे जहरीले सर्प ने उंगली में डस लिया। अंशुमान की तबियत बिगड़ने लगी। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

# बहन को बाइक से लेकर आ रहे भाई की दुर्घटना में मौत

## असंतुलित बाइक पेड़ से टकराई, बहन के साथ भांजा भी घायल, पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **अस्पताल में उपचार के बाद बहन और भांजे की हालत में सुधार**
- **बाइक पर तीन लोग सवार थे बाइक चालक निरोत्तम की मौके पर ही चली गईजान**

**अमृत विचारः** बहन और 12 वर्षीय भांजे को बाइक पर बिठाकर घर ले जा रहे भाई की बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे की घटना में भाई की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बहन और भांजे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला तिरेसहट निवासी 26 वर्षीय निरोत्तम पुत्र मुन्नालाल रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने के लिए बहन सुषमा और 12 वर्षीय भांजे को बुलाने के लिए बाइक से अलीगढ के नगला सुम्मेर गया हुआ था। तीनों बाइक से नगला तिरेसहट के लिए आ रहे थे, तभी ढोलना थाना क्षेत्र के गांव इसेपुर के निकट ट्रिपिल राइडिंग बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में नरोत्तम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची ढोलना थाना पुलिस ने घायल सुषमा और जीवन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनो का उपचार चल रहा है। निरोत्तम के भाई राजकुमार ने बताया कि उपचार के बाद दोनो की हालत में सुधार है। ढोलना थाना प्रभारी अजयवीर सिंह ने बताया अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। निरोत्तम की मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरोत्तम की मौत के बाद पत्नी यशोदा का रो रोकर बुरा हाल है। नरोत्तम पर एक बेटा और बेटी है। छह वर्ष की बेटा शशि और तीन वर्ष की बेटी खुशी है।

## कांवड़िया की लहरा गंगा घाट पर डूबने से मौत

संवाददाता, सोरों जी

- **सूचना पर पहुंचे मृतक के परिवार में मचा कोहराम**

**अमृत विचारः** हाथरस के कांवड़िए की लहरा गंगा घाट पर स्नान करते समय गंगा में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। वह सावन के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ भरने के लिए आए हुए थे।

हाथरस के थाना सहपऊ के गांव कोंकणा खुर्द निवासी हरिओम का 25 वर्षीय बेटा नितिन उर्फ गोलू अपने साथियों के साथ रविवार को कांवड में जल भरने के लिए लहरा गंगा घाट पर आया था। वह सुबह गंगा में स्नान कर रहा था, तभी पानी के तेज बहाव में फंस गया, जब तक साथी कुछ समझ पाते तब तक वह डूब गया। घाट पर मौजूद साथियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने कांवड़िए की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया। करीब डेढ घंटे बाद नितिन का शव गंगा से निकला गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया एक कांवड़िया गंगा में डूब गया था। घाट पर मौजूद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कांवड़िए को बाहर निकल कर जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी मौत हो गई।


पोस्टमार्टम गृह पर मृतक कांवड़िया के परिजन विलाप करते हुए। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से निकाली वीरांगना रानी अवंतीबाई की शोभायात्रा

**अमांपुर,अमृत विचार** : कस्बा में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी लोक कल्याण समिति के द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 194 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कस्बे में वीरांगना अवंतीबाई की शोभा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति झांकियां के सथ दैवीय झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, हरिओम वर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह, अध्यक्ष रामजीलाल वर्मा, लक्ष्मण सिंह ओपरेटर, बृजेश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, नरेश बाबू लोधी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा से पूर्व वेदराम सिंह इंटर कॉलेज में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नरेश राजपूत, यतेन्द्र वर्मा, प्रधान राजू वर्मा, प्रधान सुभाष वर्मा, प्रधान रूपकिशोर वर्मा, प्रधान बहोरी वर्मा, प्रधान शैलेन्द्र सिंह, प्रधान पुष्पेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा एडवोकेट मौजूद रहे।

### निरीक्षण में पांच आंगनबाड़ी केंद्र पर लटके मिले ताले



**अमांपुर ,अमृत विचार** : अमांपुर विकास खंड में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ ने निरीक्षण किया। पांच आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटके मिले। जबकि सहायिकाएं आराम एवं मोबाइल चलाते मिली। जिस पर सीडीपीओ ने नाराजी व्यक्त करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया है। अमांपुर विकासखंड में स्थित आंगनबाडी केंद्रों पर अनिमियतताओ की मिल रही शिकायतों को लेकर सीडीपीओ सचिन कुमार ने शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पांच केंद्र बंद मिले एवं वहां साफ सफाई की व्यवस्था समुचित नहीं थी। ब्लांक क्षेत्र के रनामऊ केंद्र पर निरीक्षण में आंगनबाड़ियों के कार्य अधूरे मिले व बच्चों की संख्या भी कम पाई गई। साथ ही केंद्र पर सहायिका रूमा देवी फोन चलाती हुई विश्राम करती हुई मिली। सीडीपीओ ने बताया कि केंद्र पर तैनात आंगनबाडी ममता कुमारी, मास्टर ट्रेनर सहायका रूमा देवी, आंगनवाड़ी सहायिका संजो कुमारी, संगीता, ओमवती, किरन, सरोज कुमारी, मीना, गीता को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया है।

### 21 से शुरु होगा भागवत अमर कथा का आयोजन

**कासगंज** : अमृत विचार : जिले में पहली बार जीवन मुक्ति भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन गोरहा बाईपास स्थित रामश्याम मार्केट नगला बंजारा पर आयोजन किया जाएगा। यह कथा 21 अगस्त से शुरु होकर 27 अगस्त तक चलेगी। 28 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जीवन मुक्ति भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक स्वामी रामचेतनपुरी वेदान्ताचार ने बताया कि जीवन मुक्ति सप्ताह भागवत अमर कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 अगस्त से शुरु होकर 27अगस्त चलेगा। जिसमें चारों पुर्षाथों की कथा का श्रवण कराया जाएगा। जैसे धर्म पुर्षाय, अर्थ पुर्षाथ, काम पुर्षाथ, मोक्ष पुर्षाथ का रसपान कथावाचक आचार्य सौरभ भारद्वाज के मुखारबिन्दू से कराया जा रहा है। बडी संख्या में श्रद्धालु कथा में पहुंच कर पुण्य लाभ उठाए। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त का विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता पहुंच कर प्रसाद गृहण करें। अंग्रेज सिंह ने बताया कि यह कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शुरु होकर सांय पांच बजे तक चलेगी।

### होम्योपैथिक चिकित्सकों में आक्रोश



**कासगंज, अमृत विचार** : कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की हत्या और बलात्कार की घटना की चारों तरफ निंदा हो रही है। इस बीच होम्योपैथिक डॉक्टर भी जूनियर डॉक्टर के साथ हुई इस घटना को लेकर आक्रोशित हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। चिकित्सकों ने मोमबत्ती जलाकर मार्च निकाला और काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। होम्योपैथिक चिकित्सकों ने डॉ. अंशु अग्रवाल के क्लीनिक पर एकत्र होकर विरोध प्रकट किया। साथ ही निर्णय किया कि अगले 24 घंटे तक सभी डॉक्टर सभी डॉक्टर काली पट्टी बांधकर अपना कार्य करेंगे। जिला होम्योपैथिक डॉक्टर द्वारा मांग की गई कि कोई भी दोषी कितना भी ताकतवर हो बचना नही चाहिये। इस दौरान डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह यदुवंशी, डॉ. हरपाल सिंह, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. अवधेश भारद्वाज, डॉ. आयुषी अग्रवाल, डॉ. प्रखर माहेश्वरी आदि चिकित्सक मोजूद रहे। महासचिव डॉ. शैलेंद्र सिंह यदुवंशी ने न्याय की मांग की है।

### 11 वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**कासगंज**, अमृत विचार : न्यायालय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 11 वारंटियों को जिला पुलिस ने गिफ्तार किया है। पूछताछ के बाद विधिक कार्यवाही करते हुए इन सभी वारंटियों को न्यायालयों के समक्ष पेश किया है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में वारंटियों की धरपकड़ को अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा वारंटी अनुज गुप्ता उर्फ रिंकू निवासी मुहल्ला सुभाष नगर कस्बा व सिढ़पुरा, अमित कुमार गुप्ता निवासी मुहल्ला कायस्थान कस्बा सिढ़पुरा, फारुख निवासी मुहल्ला लोहिया कस्बा सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना सहावर पुलिस द्वारा वारंटी विशाल, रामवकील निवासीगण ग्राम वोंदर, राजकुमार निवासी मुहल्ला हसंनगर कस्बा सहावर को पकड़ा है। सदर कोतवाली पुलिस ने वारंटी मथुराप्रसाद निवासी जियाउद्दीनपुर कासगंज, अमरीक निवासी ग्राम पवसरा, थाना ढोलना पुलिस द्वारा सुनील निवासी ग्राम गढ़ी पचगाई थाना ढोलना, सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा कालीचरन निवासी खैरपुर और थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस द्वारा वालिस्टर निवासी ग्राम खेड़ाभाट को गिरफ्तार किया है। एएसपी ने बताया कि इन सभी वारंटियों के वारंट न्यायालय से जारी हुए थे। जो न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहे थे। नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **बिजली कटौती और छुट्टा गोवंशों को लेकर दोकेली में हुई किसान पंचायत**

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की महापंचायत सोरों विकास खंड क्षेत्र के गांव दोकेली के प्राथमिक विद्यालय में हुई। महापंचायत में बिजली कटौती, आवारा गोवंशो के अलावा घरों के ऊपर से झूल रही एचटीलाइन के तारों की समस्याओ के अलावा अन्य समस्याओ को लेकर विचार विर्मश किए गए।

किसान महापंचायत में ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष संजय प्रजापति के समक्ष गांव की समस्याओं को रखा। इसमें प्रमुख रूप से स्कूल और घरों के ऊपरों से गुजर रही एचटी लाइन एवं बिजली की अघोषित कटौती टू फेस लाइन, आवारा गोवंश सहित आदि समस्याए शामिल थी। संजय प्रजापति ने पंचायत में ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहाकि पहले जिलाधिकारी मेधा रुपम के समक्ष समस्याओ को रखकर समाधान कराया जाएगा। अगर जिलाधिकारी द्वारा समाधान नहीं निकलता है, तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। पंचायत को कमल सिंह प्रधान एवं राम प्रकाश ने भी संबोधित किया। इस मौके पर बृजनंदन, तहर सैफी सलमान सैफी, सुरजन, अनिल कुमार पंडित, दिनेश कुमार, राजकुमार पुजारी, सत्यपाल सिंह सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।


दोकेली गांव में महापंचायत करते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पदाधिकारी।

## निष्प्रभावी रहेगी भद्रा, पूरे दिन बंधेगीं राखियाँ


संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके मंगलमयी जीवन की कामना करती हैं।



आदितीर्थ सूकरक्षेत्र धाम सोरोंजी के ज्योतिषाचार्य राहुल वाशिष्ठ ने बताया कि श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को सनातनधर्म में श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस दिन हेमाद्रिस्नान, श्रवणपूजन, ऋषिपूजन व तर्पण आदि करके रक्षा-पोटलिका बनाकर उसका मार्जन किया जाता है तथा बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं। निर्णय सागर चण्ड मार्तण्ड पंचांग के अनुसार श्रावणी पूर्णिमा 19 अगस्त, 2024 को रात्रि 03:05 बजे से रात्रि 11:55 बजे तक रहेगी। इस दिन भद्राकाल अपराह्न 01:32 बजे तक रहेगा। स्मृत्यंतर के अनुसार भद्रा में श्रावणी और फाल्गुनी दोनों वर्जित हैं, क्योंकि श्रावणी से राजा का और फाल्गुनी से प्रजा का अनिष्ट होता है, किंतु श्रीमद्रामदैवज्ञ विरचित मुहूर्तचिंतामणि के शुभाशुभ प्रकरण के अनुसार इस दिन भद्रानिवास पाताललोक में है। इस वचन से सिद्ध है कि कर्क, सिंह, कुंभ तथा मीन के चंद्रमा में ही भद्रा का दोष मानना चाहिए, अन्य राशियों के चंद्रमा में भद्रा का दोष नहीं होता है। अतः उक्त वचनानुसार इस दिन रात्रि 07:01 बजे तक मकर का चंद्रमा रहेगा, जो कि भद्रा दोष कारक नहीं है। रक्षाबंधन सूर्योदयकाल से पूरे दिन होगा।

Bareilly International University
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



# रक्षाबंधन आजः भाइयों की कलाई पर प्यार बांधेंगी बहनें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भीड़ है। सोमवार को होने वाले पर्व को लेकर बहने राखी खरीद रही हैं, तो वहीं भाई भी बहनों के लिए उपहार खरीद रहे हैं। सराफा दुकानों में भी बहनों के लिए चांदी की राखी बेची जा रही है।

रविवार को कार्यालयों में अवकाश रहा तो लोगों ने रक्षाबंधन की खरीदारी में कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई। इससे बाजारों में भी खासी भीड़ रही। शहर से लेकर कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षासूत्रों की दुकानें सज गई हैं।

इन पर खरीदारी के लिए बहनें पहुंच रही हैं, तो उपहार विक्रेताओं के यहां भी खरीदारी के लिए भाई पहुंच रहे हैं।बाजार में सुबह से ही राखी खरीदने के लिए बहनों की भीड़ लग रही है। उपहार और मिठाई की दुकानों में भी यही हाल है। मिठाई की दुकानों में भीड़ से बचने के लिए पहले से ही दिये आर्डर को लेने आ रहे हैं।

**बाजार में फैंसी राखी का दबदबाः** इस बार बाजार में फैंसी राखी का दबदबा दिखाई दे रहा है। बाजारों में मोती, रेशम के धागे, सितारे, स्टोन की राखियां स्थान बनाए हुए हैं। ब्रासलेट की भी बिक्री हो रही है। बच्चों के लिए कार्टून की राखियां भी बाजार में हैं। इन पर स्पाइडर मैन, हनुमान, गणेश, हाथी, शेर आदि लगे हुए हैं।

राखी विक्रेता मोनू ने बताया कि सर्राफा बाजार में चांदी की राखियां भी मिल रही हैं। आनलाइन कारोबार से राखी का बाजार कम हुआ है। लोग आनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। स्टाक बहुत है बाजार अभी मंदा है।

राखी विक्रेता दीपक ने बताया कि बीते वर्ष भी कारोबार प्रभावित रहा था। व्यापार में नुकसान हुआ था, लेकिन बाजारों में इस बार जिस तरह भीड़ उमड़ रही है। उससे लगता है कि कारोबार अच्छा होगा।


शहर के नदरई गेट बाजार में राखी की खरीददारी करती बहनें।

> रक्षाबंधन पर्व पर सिर्फ महिलाओ को ही भाइयो से मिलने की अनुमति दी जाएगी। शासनादेश के अनुसार नियमो का पालन करते हुए मुलाकात कराई जाएगी। **-विजय विक्रम सिंह** जेल अधीक्षक।

### जेल में रहेंगे कड़े इंतजाम

रक्षाबंधन पर्व पर जेल में कड़े इंतजाम रहेंगे, क्योंकि पूर्वाचंल के तीन बाहुवली अपराधी कासगंज जिले की कडी सुरक्षा बैरक में है। ऐसे में कडी चेकिंग के बाद ही बहनो को जेल में प्रवेश दिया जाएगा।जिन वस्तुओ पर प्रतिबंध हैं। उन्हें मुख्यद्वार से ही लाने की अनुमति पर प्रतिबंध रहेगा।

### देर रात से ही शुरू हुई बस स्टेशन पर बहनों की भीड़

रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में बहनों के लिए रक्षाबंधन पर्व पर फ्री यात्रा की घोषणा की थी। जिसके तहत पूर्व की पूर्व संध्या रविवार रात 12 बजे से फ्री यात्रा शुरू होनी थी। शहर से बाहर जाने वाली बहनें देर रात से ही बस स्टैंड पर पहुंच गई थीं। बहनों की बस स्टैंड पर भीड़ थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### सहायक अध्यापिका के साथ मारपीट

एटा,अमृत विचार : पिलुआ थाना क्षेत्र में एक सहायक अध्यापिका के साथ मारपीटकर कर सरकारी कार्य में वाधा डाली। इसके अलाव अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। पिलुआ थाने में कालज वर्मा सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय नगला लच्छी पिलुआ ने राधा पत्नी कुलदीप समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। काजल ने बताया कि 16 अगस्त को वह विद्यालयमें मौजूद थी। आरोप है कि तभी राधा अपने साथियों के साथ मिलकर आ गई। एसआई गिरीशचन्द्र ने बताया है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पीटकर घायल किया

बागवाला थाने में विवेक पुत्र राजेश निवासी नगला माची ने विपिन पुत्र रामपाल सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया है कि 17 अगस्त को वह गांव में मौजूद था। आरोप है कि तभी विपिन समेत चार लोगों द्वारा घेर कर गाली गलौज की और मारपीटकर घायल कर दिया गया।

### भारी वस्तु से घायल किया

जसरथपुर थाने में सुरेन्द्र पुत्र मंगूलाल ने अनुराग पुत्र सतीश चन्द्र समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि 14 अगस्त को वह जमालपुर में मौजूद था। तभी जैथरा के गांव बढईयान निवासी अनुराग पुत्र सतीशचन्द्र अपने साथियों के साथ मिलकर आ गया और मारपीटकर भारी वस्तु सिर में मारकर घायल कर दिया।

### लंबी कूद व महादौड़ प्रतियोगिता 21 से

जलेसर,अमृत विचार : भाई-बहन के पावन पर्व पर समाजसेवी सोनी राम यादव एवं बजरंग शीत ग्रह के तत्वाधान में विशाल लंबी कूद एवं तीन किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे से होगा उक्त आशय की जानकारी देते हुए समाजसेवी सोनीराम यादव ने कहाकि दौड़ प्रतियोगिताओं मे अन्य जनपदों से भी प्रतियोगी भाग लेंगे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट

अलीगंज,अमृत विचार : अलीगंज थाने में एक महिला ने अनुज पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम झकरई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 16 अगस्त को उसकी बेटी अपने घर पर मौजूद थी। आरोप है कि तभी अनुज मकान के अंदर घुस आया। आरोपित द्वारा पीड़िता की पुत्री के साथ छेड़खानी की, विरोध करने पर मारपीट की गई। तहरीर के मुताबिक इलाका पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रेम प्रसंग : नल का हत्था मारकर भाई की हत्या

## एटा के गांव बारथर में हुई घटना, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, एटा

अमृत विचार : एटा के गांव बारथर में शनिवार की रात छोटे भाई ने नल के हत्थे से प्रहार करके बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना का कारण प्रथम दृष्टया भाभी के साथ प्रेम प्रसंग का मामला माना जा रहा है। रविवार को पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

गांव बारथर निवासी अनुज उर्फ जितेंद्र राजमिस्त्री का कार्य करता था। उसका छोटा भाई मुनेंद्र उर्फ टिल्लू मूर्ति बनाता है। दोनों ही शनिवार की रात को खाना खाकर एक साथ सोए थे, लेकिन रात लगभग डेढ़ बजे मुनेंद्र ने अपने बड़े भाई अनुज की हत्या कर दी। उसकी हत्या पानी के नल के हत्थे से की गई। इसकी पुष्टि हिरासत में लिए गए हत्यारोपी ने भी की है। मौके से नल का हत्था बरामद हुआ है। मृतक के भाई यतेंद्र ने बताया कि उनका भाई अनुज राज मिस्त्री का काम करता था।
वहीं मुनेंद्र उर्फ टिल्लू मूर्ति बनाने का काम करता है। शनिवार की रात सभी लोग अच्छी तरह से खाना खाकर बातचीत करते हुए सो गए थे। किसी को इस तरह की अनहोनी का आभास भी नहीं था। सुबह होने पर हादसे की जानकारी हुई है।



गांव बारथर में घटना के बाद एकत्रित ग्रामीण। ● अमृत विचार

### शराब के नशे में रहता था हत्यारोपी

मुनेंद्र अक्सर शराब के नशे में रहता है। उसकी पत्नी मधु दो वर्ष से अपने मायके शाहजहांपुर में रह रही है। घर वाले हत्या के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते नजर आए। घटना के पीछे माना जा रहा है कि हत्यारोपी भाई की पत्नी से दूसरे भाई के अवैध संबंध थे। इसलिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि प्रथम दृष्टया पूछताछ में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। प्रत्येक बिंदु पर जांच की जा रही है। जो भी तथ्य समने आएंगे उन पर गहनता से जांच की जाएगी।

### बोले एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा का कहना है कि प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गहनता के साथ छानबीन की जा रही है। जो भी तथ्य निकाल कर सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पल भर में भूल गया अहसान, कर्ज चुकाने के बजाए ले ली भाई की जान

कार्यालय संवाददाता, एटा

- भाई की जान लेते समय नहीं आया रहम
- खून से लाल कर लिया रिश्ता और आसानी से कर दिया कत्ल

अमृत विचार: जिस भाई ने अपने भाई के लिए हर पल, हर मुसीबत में खड़े रहकर साथ निभाने की हिम्मत दिखाई हो वह ऐहसानमंद तो नहीं हुआ बल्कि एहसान फरामोश निकला। सारे एहसान भूलकर कर्ज चुकाने की बजाए उसने भाई के खून से ही अपने हाथ लाल कर लिए। अब पुलिस हिरासत में वह पश्चाताप भी कर रहा है। हालांकि अब तीर कमान से निकल चुका है।

भाई की पत्नी जब रूठकर मायके चली गई तो कई बार दूसरा भाई उसे मनाकर लाया। उसे भरोसा दिया कि वह अपने भाई को समझाया और कभी विवाद नहीं होने देगा। अपने भाई का घर बसाने के लिए उसके भाई ने राजमिस्त्री का कार्य कर जुटाई मेहनत की कमाई यूंही लुटा दी। उसे क्या पता था कि जिस भाई के लिए वह दिन रात मेहनत कर उसकी खुशियां संयोजने का कार्य कर रहा है वही हत्यारा बन जाएगा। जो भी हो, लेकिन अब रिश्ते का कत्ल हो चुका है।

### पहले भी होता रहा रिश्तों का कत्ल

**केस एक** : वर्ष 2019 में बेटे ने जमीन की खातिर अपने पिता की हत्या कर दी। पिता सत्यवीर ने अपनी पत्नी के हिस्से की जमीन से 20 बीघा जमीन का बैनामा छोटे बेटे जितेंद्र के नाम करा दिया था, लेकिन जितेंद्र मां के हिस्से की पूरी 28 बीघा जमीन चाहता था। इसी को लेकर थाना जलेसर के गांव गनेशपुर में बेटे जितेंद्र ने अपने पिता सत्यवीर की हत्या कर दी।

**केस दो** : इसी साल जमीन के लालच में पुत्र ने मां की हत्या कर दी। यह घटना सकरौली थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर की है जहां 13 जून को जमीन के लालच में रमाशंकर ने अपने मित्र राम बाबू और नीरज के साथ मिलकर अपनी मां सीमा देवी (50) की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। शव अपने खेत में दफन कर दिया था।

## अपर जिला जज ने सर्वोदय कालेज में किया पौधारोपण



कालेज में पौधारोपण करते हुए अपर जिला जज कमालुद्दीन व अन्य।

संवाददाता एटा

अमृत विचार: अपर जिला जज एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने पेड़- पौधों को पर्यावरण का कवच बताते हुए इनकी देखभाल का विद्यार्थियों को संकल्प कराया। रोहनलाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कालेज में आयोजित विधिक सेवा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (कचरा प्रबंधन) छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एड़ीजे कमालुद्दीन ने कहा कि जागरूकता से कूड़े-करकट का सदुपयोग भूमि, जल एवं पर्यावरण के लिए भी उपयोगी हो सकता है।

अपर जिला जज ने बच्चों को विभिन्न निशुल्क विधिक सेवाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्रओ के अनुशासन, अभिव्यक्ति, विद्यालय परिसर की स्वक्षता, हरियाली एवं सतत पौधरोपण अभियान के लिए सस्था प्रमुख प्रधानाचार्य को बधाई दी। इस अवसर पर जामुन का पौधा लगाते हुए इसका नाम प्राधिकरण रखा। काउंसलर रिचा यादव ने विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन के नियमों एवं लाभ के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय मिश्र ने विधिक शिविर की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न गाँवों के इन छात्र-छात्राओ के माध्यम से ग्रामीण-निर्धन परिवारों को शासन की निशुल्क सहायता योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। शिविर का संचालन विनय कुमार ने किया। यश सक्सेना, अनुपम द्विवेदी, आलोक शर्मा, पंकज सोलंकी, अमोल सिंह, गीता, अंजलि, निकिता आदि मौजूद रहे।

# आज शिवालयों में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: सावन के अंतिम सोमवार को भोजे का जलाभिषेक करने के लिए भक्त रविवार को गंतव्य की ओर रवाना हुए। लहरा गंगा घाट से लेकर तीर्थनगरी सोरोंजी, कासगंज सिकंदरा राऊ, एटा तक गकांवडिय़ों की कतारें दिखाई दीं। लोग जगह- जगह शिवभक्तों की सेवा कर रहे थे।

शिवभक्तों में अपने आराध्य को मनाने के लिए खासा उत्साह है। मंदिरो में भी विशेष तैयारियां की गई है। पिछले चार सोमवार को भोले बाबा की किसी कारण से पूजा-अर्चना नहीं कर सके, वे भी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए आज पहुंचेंगे। पूजा को लेकर मंदिरों में खास प्रबंध किए हैं। नगर के भूतेश्वर मंदिर, चामुंडा मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, मालगोदाम चौराहा मंदिर, गली बौहरान, पंखावाला बाग सहित अन्य मंदिरों में रविवार को ही तैयारियां पूरी कर ली गईं। इस दिन प्रदोष व्रत भी है, जिसके चलते भक्त उपवास भी रखेंगे।



सोरोंजी के रास्ते कावड़ लेकर गुजरते शिवभक्त। ● अमृत विचार

- रविवार को लगी रही लंबी कतारें, सड़कों पर
- शिवभक्तों की सेवा के लिए आतुर दिखाई दिए समाजसेवी

### पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

सोमवार को रक्षाबंधन पर्व भी है और भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त भी उमड़ पड़े। ऐसे में बाजार में भीड़ दिखाई दी। मेले जैसा दृश्य था। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को कड़ी में मशक्कत करनी पड़ी। शाम को जब बाजार में भीड़ अधिक हो गई और कांवड़ियों को असुविधा होने लगी तो फिर कांवड़ियों को ठंडी सड़क होकर निकाला गया।

> कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए गए। बाजार में रक्षाबंधन पर को लेकर भीड़ रही। ऐसे में पुलिस बाजार में भी रही। पूरी तरह बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास रहा और शांतिपूर्ण ढंग से शिवभक्त भी निकलते रहे। बहन भाई भी अपने त्यौहार की तैयारी करते रहे। – **विजय राणा**, सीओ सिटी

## युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

अलीगंज, अमृत विचार: अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के ससौता गांव के समीप ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक का अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि बागवाला थाना क्षेत्र के गांव बरौली निवासी अरुण कुमार मोटरसाईकिल से अपनी ससुराल अलीगंज के गांव कायमगंज जा रहा था। शनिवार की देर सायं उसकी बाइक अलीगंज के गांव ससौता के समीप पहुंची कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हदसे में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद होगा पुस्तक मेला



कासगंज, अमृत विचार : जिले में पहली बार हो रहे पुस्तक मेले की तैयारी के लिए एडीएम ने बैठक लेकर इस आयोजन को अच्छी पहल बताया है। उन्होंने कार्यक्रम के तैयारियों की चर्चा अफसरों से की। एक पैरामेडिकल कॉलेज में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी ने राकेश कुमार पटेल ने बताया कि 22 से 25 अगस्त तक श्री गणेश इंटर कालेज सभागार में होने वाले यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों के लिए ज्ञान उपार्जन वाला होगा। कहा की सभी शिक्षण संस्थान मेले से अपने-अपने पुस्तकालय में ज्ञान उपयोगी पुस्तकों को खरीदकर रखें। जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया की रात में भजन संध्या ,कवि सम्मेलन, मैजिक शो आदि कार्यक्रम भी प्रतिदिन किए जाएंगे। बैठक में प्रधानाचार्य एमके वशिष्ठ, देवेंद्र पाल सिंह, शिवकुमार पाठक, दीपक सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, मुनेश कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, चेतना मौर्य, जितेंद्र कुमार ,कोमल यादव, आदि उपस्थित रहे।

### सिढ़पुरा के बल्हारपुर में भर भरा कर गिरी छत

सिढ़पुरा : अमृत विचार :थाना क्षेत्र के बल्हारपुर में रविवार की सुबह साढे तीन बजे के लगभग में मकान की छत तेज आवाज के साथ भरभरा कर गिर पड़ी। मकान के अंदर सो रहे वृद्ध दंपति मलबे में दबकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने मलबे से निकाल कर दोनों को उपचार के लिए सिढपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। रविवार की सुबह लगभग साढे तीन बजे के लगभग बल्हारपुर गांव निवासी 50 वर्षीय हरस्वरुप के मकान की छत अचानक तेज आवाज के साथ भरभरा कर गिर पड़ी। आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने मलबे में दबे हरस्वरुप और उनकी पत्नी को बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

एटा,अमृत विचार : कोतवली देहात थाना क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग स्थित आईटीआई कालेज के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थतियों में घायलावस्था में पड़ा मिला। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रारपट्टी निवासी मनोज कुमार पुत्र सतेन्द्र सिंह शनिवार की देर रात मजदूरी कर एटा से घर जा रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। देर रात परिजनों को सूचना मिली एक व्यक्ति आईटीआई कालेज के पास घायलावस्था में पड़ा हुआ है। इस पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की। परिजनों ने रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों पर मनोज की हत्या करने का आरोप लगाया हैं।

### महिला का शव फंदे पर लटका मिला, दहेज का आरोप

एटा,अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंधों का भी जिक्र करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सौरिख जनपद कन्नौज की रहने वाली युवती शमा बेगम की शादी नयागांव थाना क्षेत्र के गांव गाही निवासी समीर के साथ शादी हुई ।महिला के पिता इमाम बक्स ने दामाद समीर समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि पुत्री शमां (26) की शादी में दिए दहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं था। मांग पूरी न होने शमा की हत्या कर दी गई। भाई नसीम ने बताया कि समीर व उसके परिजन आए दिन दहेज के लिए बहन का उत्पीड़न करते थे। समीर के एक अन्य महिला से अवैध संबंध चल रहे हैं।

### नि:शुल्क कोचिंग की तैयारी के लिए हुई परीक्षा



सिढ़पुरा,अमृत विचार : कस्बा सिढ़पुरा के दयानंद पब्लिक स्कूल में लक्ष्य संस्था के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय, विद्याज्ञान, अटल आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल आदि प्रतिष्ठित विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा की नि :शुल्क तैयारी के लिए एक परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में दयानंद पब्लिक स्कूल, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल चांदपुर, प्राथमिक विद्यालय सिढ़पुरा द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय सैलई, प्राथमिक विद्यालय तैय्यबपुर, और प्राथमिक विद्यालय दामरी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रधान पति यतेन्द्र राजपूत सरावल ने बताया कि चयनित छात्रों को नि :शुल्क कोचिंग दी जाएगी इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जे .एल .आर्य, अजय राजपूत, राज कपूर, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार, संतोष, राजीव कुमार, विवेक कुमार सहित अन्य कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन पर सुरक्षा और यातायात के लिए पुलिस तैनात

एटा :त्योहार पर सुलभ यातायात के लिए व्यवस्था की गई है। सुबह से देर रात तक यातायात व्यवस्था के लिए एक दर्जन से अधिक जवान तैनात है। बाजार में ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर पर्याप्त व्यवस्था की गई है इसके अलावा हर तरह की सुरक्षा के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

# भर्ती : 37 हजार 920 अभ्यर्थी 11 केन्द्रों पर 23 से देंगे परीक्षा



पुलिस भर्ती परीक्षा में डयूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए एएसपी ।

संवाददाता एटा

अमृत विचार: पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने संबंधित पुलिसकर्मियों के साथ बैठक में तैयारियों की समीक्षा की और नकल विहीन परीक्षा कराने की नसीहत दी। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स में परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने परीक्षा में शुचिता के निर्देश दिये। कहा कि जिले में होने वाली परीक्षा के दिन दोनों पालियों में कुल 37920 अभ्यर्थी (महिला पुरुष) विभिन्न जिलों से परीक्षा में भाग लेंगे। 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को सुबह 10 से 12 बजे तक तथा सायंकाल 3 से पांच बजे तक दो शिफ्टों में 11 केन्द्रों पर परीक्षा होगी।

## चलते ट्रक में पीछे से घुसी कार, सिपाही की मौत, साथी घायल

एटा, अमृत विचार: रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रक और कार की टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार दिल्ली पुलिस के सिपाही की मौत हो गई। उसने एक माह पूर्व ही ज्वानिंग की थी। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।



मृतक गौरव।

हादसा नेशनल हाईवे-91 पर हुआ। जब महिंद्रा टीयूवी-300 कार (नंबर-यूपी-14डीके-5769) अलीगढ़ से एटा की ओर जा रही थी, वह फौजी ढाबे के सामने एक ट्रक से टकरा गई।कार में गौरव पुत्र पुष्पेन्द्र निवासी अलीगढ़ और बॉबी नामक व्यक्ति सवार थे। कुछ समय पूर्व ही गौरव दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था।

# दवा प्रतिनिधियों ने निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: यूपी, उत्तराखण्ड मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल की चिकित्सक बेटी को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने विरोध जताकर हत्यारों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के सरकारी मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टर से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ शनिवार की देर सायं को बारहद्वारी से गांधी मूर्ति तक मौन कैंडल मार्च निकाला। निकाले गए मौन कैंडल मार्च में आरोपियों को फांसी देने की मांग की गई। अध्यक्ष ने बताया पश्चिम बंगाल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ की गई हैवानियत व हत्या के खिलाफ तथा महिलाओं के सम्मान, अस्मिता बचाने और बहन बेटियां की सुरक्षा के लिए यह मौन जुलूस निकाला गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेनी महिला डॉक्टर बेटी को न्याय मिले और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त कानून बनाया जाए। इस मौके पर राज कुमार विजय, शाहिद खान, केके सक्सेना, अरमान खान, अर्पित कुमार, आशीष सक्सेना, धीरज सक्सेना, रवि कुमार, गणेश साहू, अभय शर्मा, अरशद अली, दानिश सैफी, प्रियांशु, जुगल श्रीवास्तव, अलंकृत चौहान, वरुण पुंढीर मौजूद रहे।



सेल्स रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन ने कैंडल मार्च निकाल कर जताया विरोध।

**दुकानदारों के चेहरे खिले** | खरीदारों की भीड़ से बाजार हुआ गुलजार, राखियों की नई डिजाइन और वैरायटी ने लुभाया

# रक्षाबंधन पर बाजारों में रौनक, मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़

संवाददाता एटा

अमृत विचार: रविवार को बाजार में भीड़ रही। रक्षाबंधन के लिए राखी कपड़ेऔर मिठाई की दुकानो पर ग्राहकों का जमावड़ा रहा।सबसे ज्यादा सड़क किनारे राखी के स्टाल पर भीड़ लगी रही यहां राखी की खरीदारी की गई। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षा बंधन पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। वर्तमान समय में बाजारों में जगह-जगह राखियों की स्टालें लगी हैं। दुकानों पर खरीददारों की भीड़ उमड़ रही हैं। इस बार बाजार में राखियों की कुछ नई वैरायटी भी आई हैं, जो बेहद लुभाने वाली हैं। लोगों को भी इन राखियों के प्रति काफी क्रेज है।

इस बार राखियों पर विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां लगाई गई हैं। अधिकांश राखियों पर भगवान गणेश हनुमान की मूर्तियां लगी हैं। इन राखियों को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। शहर के बाजारों में रक्षाबंधन की खरीदारी को लेकर भीड़ देखी गई। शहर के जीटी रोड, घटाघंर, हाथगेट, सुभाषमूर्ति, बजरिया, मेहतापार्क, गांधी मार्केट, बाबूगंज, आदि स्थानों पर राखियों की दुकानें सजी हुई हैं।

कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी मन को भाने वाली रंग-बिरंगी राखियां सज गई हैं। बहने भाई की कलाई के लिए विभिन्न डिजाइन वाली राखियां पसंद कर रही हैं। बाजार में सादा राखी, रेशम, डायमंड वर्क आदि राखियां पसंद की जा रही हैं। राखी विक्रेता सुभाष ने बताया कि पिछले दो साल के मुकाबले अबकी बार राखियों की खरीदारी बढ़ी है।



दुकान पर राखियों की खरीददारी करतीं बहनें। ● अमृत विचार

## घेवर की खुशबू से महक रहा है बाजार, खूब हो रही बिक्री

अमित कुमार, एटा

अमृत विचार: सावन के माह में मैदा और घी के मिश्रण से तैयार होने वाले घेवर की इस बार खूब बिक्री हो रही है। हर कोई मिठाई दुकानदार घेवर बड़े स्तर पर तैयार करने में जुटा है। इससे उसकी खुशबू से बाजार महकने लगा है।

मिठाई विक्रेताओं का कहना है पूरे सावन के साथ साथ अब रक्षा बंधन के लिए घेवर की पहले से बिक्री शुरू हो चुकी है। फिलहाल लोग घर पर खाने या किसी को देने के लिए घेवर की खूब खरीदारी कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर भी इसकी बिक्री में उछाल आ रहा है।

विक्रेता चन्द्रपाल वार्ष्णेय ने बताया इस बार सावन में घेवर की अच्छी बिक्री हुई है। फिलहाल ग्राहक खूब घेवर खरीद रहे हैं। इस बार सादा, शुगर फ्री और अन्य फ्लेवर में भी घेवर तैयार कराया गया है। सादा 340 रुपये किलो और 350 रुपये किलो वाले घेवर की खूब मांग है। देशी घी वाला घेवर 500 रुपए किलो बिक रहा है।



रक्षाबंधन पर्व के लिए घेबर तैयार करते हुए कारीगर। ● अमृत विचार

